*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस रविवार को

### भारतीय रिजर्व बैंक और विश्वविद्यालय का संयुक्त आयोजन

वर्धा दि. 8 जनवरी 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में रविवार 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रिजर्व बैंक, नागपुर एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हिंदी दिवस एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विवि के हबीब तनवीर सभागार में अपराह्न 11.00 बजे आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय के कार्यपालक निदेशक यू. एस. पालीवाल करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह उदघाटन वक्तव्य देंगे तथा जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे विश्व हिंदी दिवस पर व्याख्यान देंगे। विदित हो कि भारतीय रिजर्व बैंक में राजभाषा के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2015-16 को राजभाषा स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम की प्रस्तावना सहायक प्रबंधक प्रशांत रामटेके रखेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन बी. एन. मेश्राम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान विश्वविद्यालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक, नागपुर की ओर से किया गया है।

## हिंदी विश्वविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस रविवार को

### भारतीय रिजर्व बैंक और विश्वविद्यालय का संयुक्त आयोजन

वर्धा दि. 8 जानेवारी 2016: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात रविवार 10 जानेवारी रोजी विश्व हिंदी दिवसानिमित्त भारतीय रिजर्व बैंक, नागपूर आणि विश्वविद्यालय यांच्या संयुक्त विद्यमाने विश्व हिंदी दिवस आणि वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमाचे आयोजन करण्यात आले आहे. हबीब तनवीर सभागृहात सकाळी 11.00 वा. कार्यक्रमाचे उदघाटन भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्रीय कार्यालयाचे कार्यपालक निदेशक यू. एस. पालीवाल करतील. विश्वविद्यालयाच्या साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृष्ण कुमार सिंह उदघाटन वक्तव्य देतील तर जनसंचार विभागाचे अध्यक्ष डॉ. कृपा शंकर चौबे विश्व हिंदी दिवसावर विचार मांडतील. भारतीय रिजर्व बैंकेत राजभाषा हिंदीच्या प्रयोगाला 50 वर्ष पूर्ण झाले असून वर्ष 2015-16 हे राजभाषा स्वर्ण जयंती वर्ष म्हणून साजरे करण्यात येत आहे.

कार्यक्रमाची प्रस्तावना सहायक प्रबंधक प्रशांत रामटेके ठेवतील. यावेळी विश्व हिंदी दिवसानिमित्त आयोजित निबंध स्पर्धेचे पुरस्कार वितरित करण्यात येतील. आभार बी. एन. मेश्राम मानतील. कार्यक्रमाला उपस्थित राहण्याचे आवाहन विश्वविद्यालय आणि भारतीय रिजर्व बैंक, नागपूर यांनी केले आहे.